NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष www.nnindianews.com

वर्ष:05, अंक:-151, पृष्ठ: 12 | रविवार, 07 दिसम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# गोवा के नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट 25 मौत

पणजी। गोवा के अरपोरा इलाके में देर रात एक नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट होने से 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हैं। मरने वालों में 4 टूरिस्ट और 14 स्टाफ शामिल हैं, जबकि 7 लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। गोवा पुलिस ने क्लब के मैनेजर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक क्लब में करीब 12 बजे सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। यह इतना जोरदार था कि कुछ ही मिनटों में आग पूरे क्लब में फैल गई। फायर ब्रिगेड ने काफी देर की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि क्लब में फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं किया गया था। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और फोरेंसिक टीम आग की असली वजह की जांच कर रही है।

**4 टूरिस्ट समेत 18 लोगों के शवों की पहचान की गई**





3 लोगों की मौत जलने और बाकी की मौत दम घुटने से हुई है। हादसे की पूरी जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
सीएम प्रमोद सावंत

## आज रात तक कैंसिलेशन का पैसा लौटाएगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** पिछले 5 दिन से चल रहे इंडिगो संकट के कारण शनिवार को भी 800 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुईं। छठे दिन भी यह सिलसिला जारी है। हालांकि इंडिगो ने दावा किया है कि उसने 95% रूट पर फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल कर दिया है।

एयरलाइन ने कहा कि 138 में से 135 डेस्टिनेशंस पर फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। हमें लोगों का भरोसा दोबारा जीतने के लिए काफी वक्त लगेगा। इधर, रविवार को भी इंडिगो की 250 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। इनमें हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस 7 दिसंबर को रात 8 बजे तक पूरा करना होगा। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा।



**एयरलाइन का दावा- 95% रूट पर फ्लाइट्स ऑपरेशन नॉर्मल; इंडिगो सीईओ को शोकॉज नोटिस**

कंपनी के सीईओ को 24 घंटे में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से जारी संकट के चलते कंपनी पर एक्शन क्यों न लिया जाए। जवाब न देने पर डीजीसीए एकतरफा फैसला ले सकेगा।

## छत्तीसगढ़ में एक्सीडेंट, पांच लोगों की मौत

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में कटनी-गुमला नेशनल हाईवे नंबर 43 पर देर रात हुए भीषण हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहलाकर रख दिया है। दुलदुला थाना क्षेत्र के पतराटोली में एक तेज रफ्तार कार खड़े ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी पांच युवकों की मौके पर मौत हो गई। घटना में शामिल कार तेज रफ्तार में थी और सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से सीधे टकरा गई। हादसे का मंजर इतना भयावह था कि आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। दुलदुला थाना प्रभारी केके साहू ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक सभी खटंगा गांव (दुलदुला क्षेत्र) के निवासी थे। मृतकों की पहचान राधेश्याम यादव, उदय कुमार चौहान, सागर तिर्की, अंकित तिग्गा और दीपक प्रधान के रूप में हुई है।



# बंगाल में रखी गई नई बाबरी मस्जिद की नींव


**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के बाद एक और नया बयान दिया है। कबीर ने साफ कहा है कि मस्जिद निर्माण के साथ वह कई और बड़े इस्लामिक प्रोजेक्ट शुरू करेंगे और मुस्लिम समुदाय का मिल रहा समर्थन उनके लिए ताकत का काम कर रहा है।

कबीर ने दावा किया कि उन्होंने बेलडांगा में न सिर्फ मस्जिद का शिलान्यास किया है बल्कि आगे इस्लामिक अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, होटल-कम-रेस्तरां, पार्क और हेलीपैड बनाने की भी योजना तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि यह पूरा प्रोजेक्ट करीब 300 करोड़ रुपये का होगा और इसमें स्थानीय मुस्लिम समुदाय बड़ा योगदान दे रहा है।

हुमायूं कबीर ने कहा कि उनका ड्रीम प्रोजेक्ट बनकर तैयार होगा और यह क्षेत्र में इस्लामिक संस्थानों का नया केंद्र बनेगा। उन्होंने दावा किया कि मस्जिद के साथ अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनने से हजारों लोगों को सुविधा और रोजगार मिलेगा। कबीर ने कहा कि यह सिर्फ धार्मिक परियोजना नहीं बल्कि सामाजिक जरूरतों को पूरा करने वाला कदम है। नींव रखने के बाद कबीर ने यह भी कहा कि वह कोई असंवैधानिक काम नहीं कर रहे हैं और भारत का संविधान किसी को भी मंदिर, चर्च या मस्जिद बनाने का अधिकार देता है। उन्होंने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में माना था कि बाबरी मस्जिद को गिराया गया था, इसलिए ह्रबंगाल के मुसलमानों को नई बाबरी मस्जिद बनाने का पूरा अधिकार है। कबीर ने यह भी कहा कि उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं, लेकिन अल्लाह के साथ रहने वालों को कोई नहीं रोक सकता। बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास होते ही राज्य की राजनीति गर्म हो गई है। टीएमसी ने उन्हें निलंबित कर दिया है, लेकिन कबीर ने कहा कि उन्हें जनता का समर्थन मिल रहा है और वह पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज उन्हें जिस तरह से आगे बढ़ा रहा है, वह उसे कभी नहीं भूलेंगे और उनका यह प्रोजेक्ट हर हाल में पूरा होगा।



## हैदराबाद में बनेगा बाबरी मस्जिद स्मारक



**हैदराबाद।** बाबरी मस्जिद के विध्वंस की बरसी पर 'तहरीक मुस्लिम शब्बन' के अध्यक्ष मौलाना मुस्ताक मलिक ने कहा कि ग्रेटर हैदराबाद में बाबरी मस्जिद का एक स्मारक बनाया जाएगा। शनिवार को उन्होंने बताया कि बाबरी मस्जिद के विध्वंस की 33वीं बरसी मनाई गई और हैदराबाद की मस्जिद में एक नियमित जनसभा हुई। उस बैठक में हमने तय किया कि ग्रेटर हैदराबाद में बाबरी मस्जिद का एक स्मारक बनाया जाएगा और उसके भीतर कुछ कल्याणकारी संस्थाएं भी बनाई जाएंगी। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे कि यह कैसे और कितने समय के लिए बनेगा।

रामायण में राम मंदिर के विध्वंस का कोई जिक्र नहीं- मुस्ताक मलिक

मुश्ताक मलिक ने बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि बाबर का नाम राजनीतिक विवाद का विषय बनाया जा रहा है, जबकि ऐतिहासिक रूप से ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि अयोध्या की बाबरी मस्जिद का निर्माण बाबर के कहने या उनके खर्च से हुआ हो। उन्होंने कहा कि यह संभव है कि स्थानीय स्तर पर किसी व्यक्ति का नाम बाबर रहा हो, जिसे लेकर बाद में भ्रम खड़ा किया गया।

## 'भारत में रहना शेख हसीना का निजी फैसला'

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश सरकार की तरफ से अपनी पूर्व पीएम शेख हसीना को भारत से ढाका प्रत्यर्पित करने की मांग की जा रही है। अब इसे लेकर भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा भारत में रहना शेख हसीना का निजी फैसला है और इस फैसले की वजह बांग्लादेश के हालात हैं। शेख हसीना को बीते महीने ही बांग्लादेश में मानवता के खिलाफ अपराध के दोष में मौत की सजा सुनाई गई है। भारत सरकार ने अभी तक बांग्लादेश सरकार की मांग पर कोई जवाब नहीं दिया है।

जब विदेश मंत्री से पूछा गया कि क्या शेख हसीना जब तक चाहें, तब तक भारत में रह सकती हैं? इसके जवाब में विदेश मंत्री ने कहा, 'यह



एक अलग सवाल था, वे यहां कुछ खास परिस्थितियों के चलते आईं, लेकिन उन्हें ही ये तय करना होगा।' विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि भारत, बांग्लादेश का शुभचिंतक है। बांग्लादेश और भारत के रिश्तों पर भारतीय विदेश मंत्री ने कहा बांग्लादेश के मौजूदा लीडरशिप ने पिछले चुनावों को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा कि अगर मुद्दा चुनाव था, तो सबसे पहले निष्पक्ष चुनाव कराए जाने चाहिए। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत बांग्लादेश में स्थिरता और लोकतांत्रिक मान्यता चाहता है। जयशंकर ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि बांग्लादेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जो भी निकलेगा, वह भारत के साथ संबंधों के बारे में 'संतुलित और परिपक्व नजरिया दिखाएगा, जिससे हालात बेहतर होने की संभावना है। गौरतलब है कि शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी खटास आई है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से अमेरिका के साथ संबंधों पर असर के सवाल पर विदेश मंत्री ने कहा , हमने हमेशा साफ कहा है कि हमारे कई संबंध हैं और हमारे पास विकल्पों की आजादी है।

## आतंकवाद पर क्वाड देशों की सख्ती, कड़ी कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में बीते चार और पांच दिसंबर को भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के बीच तीसरी क्वाड काउंटर टेररिज्म वर्किंग ग्रुप (सीटीडब्ल्यूजी) बैठक हुई, जिसमें चारों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा और एकजुट संदेश दिया। बैठक में विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की गई और हाल में लाल किले पर हुए आतंकी हमलों पर गहरी चिंता जताई गई। क्वाड देशों ने साफ किया कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और उसके खिलाफ सामूहिक कार्रवाई ही इंडो-पैसिफिक (भारत-प्रशांत) को सुरक्षित रखने का एकमात्र रास्ता है।



बता दें कि इस दौरान क्वाड देशों ने बीते 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किले के पास हुए आतंकी हमले की निंदा की। इस हमले में 15 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हुए थे। क्वाड देशों ने कहा कि इस घटना के हमलावरों, साजिशकर्ताओं और फंडिंग करने वालों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। इतना ही नहीं देशों के समूह ने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से सहयोग की अपील की।

# लौटते घुसपैठियों का खुलासा: कोलकाता में अब भी लाखों बांग्लादेशी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सहित देश के 12 राज्यों में एसआईआर का काम जारी है और बढ़ाई गई समय सीमा भी जल्द खत्म होने वाली है। एसआईआर अभियान शुरू होने के बाद देशभर के कई इलाकों में लंबे समय से रह रहे अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों में खौफ बढ़ा है। छिपकर बांग्लादेश लौटने के लिए बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के हकीमपुर सीमा पर लोगों के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। अब तक करीब 15,000 लोग वापस भेजे जा चुके हैं।

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के स्वरुप नगर क्षेत्र का हकीमपुर गांव जो कोलकाता से करीब 90 किलोमीटर दूर और भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 500 मीटर पहले। यहां पर सोनाई नदी की लहरें सीमा तय करती हैं। बीएसएफ चेकपोस्ट के पास काफी गहमा-गहमी है। बीएसएफ के जवान और अधिकारी लोगों और सामान की जांच कर रहे हैं। चेकपोस्ट से पहले सड़के के किनारे दुकानों के बाहर काफी संख्या में महिला, पुरुष, बुजुर्ग, छोटे-छोटे बच्चे गठरियों और सामान के साथ बैठे हैं लेकिन मुंह ढके हुए हैं। पूछने पर कुछ नहीं बोलते.. चेहरा झुका लेते हैं। बांग्लादेश लौटने वाले घुसपैठियों ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा, जो लौटे हैं, वे तो कुछ भी नहीं



है। लाखों अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए अभी भी कोलकाता और उसके आसपास के जिलों में रह रहे हैं। बंगाल में तो बांग्लादेशी भरे पड़े हैं। जिस हिसाब से इस पार लोग आएं हैं, उस हिसाब से लौटे कहां हैं। जाली दस्तावेज और फर्जी कागजों के दम पर सारे सरकारी लाभ ले रहे हैं, हमको तो कुछ भी नहीं मिला।

हकीमपुर में बांग्लादेश जाने वालों की भीड़ में से एक युवक बोला...क्या पूछना है, पूछिए न। मामून गाजी की गोद में एक छोटी बच्ची है। साथ में पत्नी बैठी है, लेकिन चेहरा ढक कर...। उसने बताया कि वह जब काफी छोटा था, तब भारत आया था। उस समय का बहुत कुछ याद नहीं है। जिनके साथ आया था, उनका नाम भी आज मुझे याद नहीं है। बस इतना याद है कि रात के समय हमने भारतीय सीमा में प्रवेश किया था। काफी अंधकार था उस दिन।

लौटने वाले घुसपैठियों की ही भीड़ में एक बुजुर्ग दंपती निसार मोल्ला (65 वर्ष) और उनकी पत्नी भी हैं। मोल्ला ने बताया कि वे बांग्लादेश के कातकिला जिले के श्यामनगर के रहने वाले हैं। करीब 40 साल पहले शादी के बाद पत्नी के साथ बिना कागजात के भारत घुस आए थे। फिर कोलकाता पहुंच कर एक घर लेकर कुड़ा बिनने का काम शुरू किया। आराम से जीवन चल रहा था। किसी ने कभी नहीं रोका। फिर धीरे से कहते हैं, इधर बहुत बांग्लादेशी रहता है। कोई चिंता ही नहीं। फिर कुछ सोच कर कहते हैं, लेकिन अब 65 साल की उम्र में लगा कि हमने गलती की।

**बांग्लादेश से ऐसे होती है घुसपैठ**

भारत का पश्चिम बंगाल बांग्लादेश के साथ 2,217 किमी की सीमा साझा करता है। जहां फेंसिंग नहीं हुई है। घुसपैठिए अंधेरे में बीएसएफ की पेट्रोलिंग गैप का फायदा कर, घने जंगलों व धान के खेतों वाले हिस्सों से, कटी-फटी बाड़ या बरसात से कमजोर हुई फेंसिंग और सर्दियों में धुंध की आड़ लेकर प्रवेश करते हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा ब्रज

www.nnindianews.com

रविवार, 07 दिसम्बर, 2025



# अपहरण के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

## पलसो चौकी प्रभारी बंधक बनाकर पीटे, गाड़ी के शीशे तोड़े

एनएनआई

**गोवर्धन (मथुरा)।** राजस्थान के डीग जिले के गांव इकलैरा में दो सगी बहनों के अपहरण में वांछित चल रहे बदमाश को पकड़ने गई गोवर्धन पुलिस टीम पर डीग में हमला कर दिया गया। पलसों चौकी प्रभारी को बंधक बनाकर पीटा गया। पुलिस की टीम पर पथराव कर शीशा तोड़ दिया गया। किसी तरह पुलिस टीम जान बचाकर भागी और डीग थाने पहुंची। यहां एक हिस्ट्रीशीटर समेत 19 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शनिवार को डीग पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत दो लोगों को दबोच लिया, एक अन्य को गोवर्धन पुलिस ने शनिवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया।

गोवर्धन थाने के देवसेरस गांव से नौ सितंबर को दो सगी बहनों का अपहरण हो गया था। इसमें स्वजन ने मगोर्रा थाना के गांव नगला तसिया निवासी शुभम और देवसेरस निवासी कुंवर कौशिक को नामजद कर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसी दिन बहनों को बरामद कर शुभम को गिरफ्तार कर लिया लेकिन कुंवर फरार चल रहा था। शुक्रवार शाम डीग सीमा पर पुलिस ने बाइक से साथी अमित के साथ जा रहे कुंवर को घेर लिया। कुंवर को पकड़ लिया, लेकिन इकलैरा गांव निवासी अमित भागा तो पुलिस ने प्राइवेट गाड़ी से गांव तक पीछा किया। यहां अमित को पकड़ लिया। इस पर अमित ने शोर मचाया तो ग्रामीणों ने पुलिस टीम को घेर लिया।



ग्रामीणों ने पलसों चौकी प्रभारी नितिन त्यागी को पकड़ लिया और एक घर में खींच ले जाकर बंधक बना लिया और जमकर पीटा। वह घायल हो गए और उनका पर्स भी लूट लिया। पुलिस पर पथराव कर अमित को छुड़ा लिया। पथराव में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। किसी तरह पुलिस वहां से भागी और डीग कोतवाली पहुंची। यहां डीग पुलिस गोवर्धन पुलिस के साथ पहुंची और दारोगा नितिन त्यागी को मुक्त कराया। पुलिस को देख ग्रामीण भाग गए। गोवर्धन पुलिस ने डीग में ही 19 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।

डीग कोतवाली के प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया मुकदमा दर्ज करने के बाद बदमाशों के छिपने के संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। इकलैरा निवासी अमित के पिता हिस्ट्रीशीटर सुनहरी ठाकुर और उसके साथी मानसिंह उर्फ मंशो सिंह की घेरेबंदी की। सुनहरी पुलिस को देख एक मकान से कूद गया। उसके पैर में चोट आ गई। पुलिस ने दोनों दबोच लिया। इधर, शनिवार रात करीब आठ बजे गोवर्धन पुलिस ने गोवर्धन क्षेत्र के ही कुंजेरा तिराहा के पास मुठभेड़ में इकलैरा निवासी संजय उर्फ आकाश को गिरफ्तार कर लिया, वह पैर में गोली लगने से घायल हो गया। संजय मान सिंह का बेटा है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि इकलैरा निवासी कई हमलावरों का देवसेरस आना-जाना रहता है। उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

# एटा में डबल मर्डर

## भात कार्यक्रम में विवाद, चाचा-भतीजे की मौत

एनएनआई

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में भात के कार्यक्रम में गोली चलने से दो नाबालिग लड़कों की मौत हो गई। भात समारोह में दो लड़कों की मौत से कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अलीगंज विकासखंड के नया गांव के थाना इलाके के उभईअसदनगर गांव में डीजे बजाने को लेकर अचानक गोली चल गई। गोली चलने के बाद अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया।

गोली 11 वर्षीय सोहेल और उसके चाचा 17 वर्षीय शाहरुख को लग गई। दोनों खून से लथपथ होकर डीजे की फर्श पर गिर गए। धूम धड़ाके की आवाज के बीच चीत्कार मच गई। अचानक फायरिंग की आवाज सुनकर परिजन मौके की तरफ दौड़ पड़े।

घायलों को तत्काल अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने 12 वर्षीय सोहेल पुत्र आसुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं 17 वर्षीय शाहरुख पुत्र मुन्नू खान को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

घायल ने आगरा में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नीतीश गर्ग और



अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पाण्डेय मौके पर पहुंचे, जिन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। परिजन अरशद ने जानकारी देते हुए बताया कि अंदर खाना चल रहा था। मामा के बेटे सलमान पुत्र समसुद्दीन की रविवार को बरात जानी थी। भात और दावत का कार्यक्रम था। सोहेल और शाहरुख डीजे पर डांस कर रहे थे, इसी दौरान अचानक गोली चली और चीख पुकार मच गई। लोग दौड़कर बाहर पहुंचे तो देखा दोनों फर्श पर खून से लथपथ पड़े थे। दोनों को लेकर अलीगंज पहुंचे, यहां डॉक्टर ने सोहेल को मृत घोषित कर दिया है। शाहरुख की आगरा में इलाज के दौरान मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि उभई असदनगर गांव में भात का कार्यक्रम चल रहा था। डीजे चल रहा था, जहां संदिग्ध हालत में गोली चल गई। गोली से दो लड़कों की मौत हो गई है। गोली चलने के कारणों का पता किया जा रहा है।

# सात समुंदर पार से आई दुल्हन: प्यार के लिए बेवर पहुंचीं मैक्सिको की एस्मेरल्डा

एनएनआई

**मैनपुरी।** प्यार किसी भी सीमा और दायरे में बंधकर नही रह सकता। प्यार करने वालों के लिए कोई भी सरहदें मायने नहीं रखती। भारत से 15 हजार किलोमीटर दूर मैक्सिको की रहने वाली एस्मेरल्डा मोंटेज डी ओका अपने प्यार पुरुषार्थ के लिए सीमाओं का बंधन तोड़ने हुए मैनपुरी स्थित बेवर के गांव रसूलाबाद पहुंच गईं। एस्मेरल्डा शनिवार को अपने प्रेमी पुरुषार्थ के साथ शादी के बंधन में बंध गईं।

क्षेत्र के गांव रसूलाबाद के रहने वाले अनिल तिवारी के पुत्र पुरुषार्थ ने कानपुर एचबीटीआई से पेंट एंड केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक करने के बाद तीन साल एक कार कंपनी में काम किया। इसके बाद वह मटेरियल सस्टेनेबिलिटी में मास्टर डिग्री लेने के लिए जर्मनी चले गए। जहां दिसंबर 2024 में एक सेमिनार के दौरान उनकी मैक्सिको की एस्मेरल्डा मोंटेज डी ओका से उनकी मुलाकात हुई। इस दौरान पुरुषार्थ और एस्मेरल्डा की दोस्ती और धीरे-धीरे प्यार में तब्दील हो गई। एस्मेरल्डा ने पुरुषार्थ के साथ शादी करने का मन बनाया। लेकिन परिवार इस रिश्ते के लिए राजी नहीं था। एस्मेरल्डा को पुरुषार्थ के साथ शादी के लिए परिवार को राजी करने में एक साल का समय लगा। दो दिसंबर को एस्मेरल्डा अपनी मां और भाई के साथ शादी की रस्मों के लिए बेवर पहुंचीं।

छह दिसंबर को कस्बा के फरुर्खाबाद रोड स्थित एक मैरिज होम में एस्मेरल्डा और पुरुषार्थ ने हिंदू रीति-रिवाज के साथ शादी कर ली। इस शादी कार्यक्रम में कई विदेशी मेहमान भी शामिल हुए। शादी में विदेशी बहू को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। यह शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है, लोग अपने प्यार के लिए एस्मेरल्डा के इस कदम की प्रशंसा कर रहे हैं।

# रेलवे भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग का पर्दाफाश

## आधार कार्ड की प्रक्रिया में भी लगा दी सेंध, दो गिरफ्तार

एनएनआई

**फिरोजबाद।** रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की ग्रुप डी परीक्षा में नकल कराने वाले सॉल्वर गैंग का पदार्फाश कर लाइनपार थाना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अमन और शिवालय मटसैना थाना क्षेत्र के गांव दतावली के रहने वाले हैं। आरोपियों से 1.53 लाख रुपये की नकदी, पांच फर्जी आधार कार्ड समेत कूटरचित दस्तावेज और एक कार बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को धोखाधड़ी और प्रतिरूपण की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। अब रेलवे भर्ती बोर्ड को इसकी रिपोर्ट भेजी जाएगी।

एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया, 03 दिसंबर को अमन ने शिवालय के स्थान पर जीबी इंफोटेक ज्ञान भारती कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नालंदा टाउन, शमशाबाद रोड, आगरा में रेलवे की भर्ती परीक्षा दी थी। सौदा तीन लाख रुपये में हुआ था। मुखबिर की सूचना पर लाइन पार



थाना पुलिस ने 4 दिसंबर 2025 की रात परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर नोएडा नंबर की स्कॉर्पियो कार से आगरा से लौट रहे अमन और शिवालय को एसआर रिसॉर्ट के सामने सर्विस रोड से गिरफ्तार गिरफ्तार किया। शिवालय के बैग से 88,800 और अमन के बैग से 64,200 रुपये बरामद मिले।

अमन से मिले पांच में से चार आधार कार्डों में शिवालय के अलग-अलग फोटो लगे थे। आरोपियों से 01 पैन कार्ड, 3 एटीएम कार्ड के अलावा हाई स्कूल मार्कशीट, आरआरबी रजिस्ट्रेशन पत्र/एडमिट कार्ड, जिस पर अमन की फोटो लगी है भी बरामद हुए। दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।

पूछताछ में दोनों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। शिवालय (मूल अभ्यर्थी) ने बताया कि उसने 3 लाख में अपनी जगह परीक्षा देने के लिए अमन से सौदा तय किया था। सौदा पक्का होने के बाद उसने धोखाधड़ी से अपने आधार कार्ड को अपडेट करवाया, जिसमें उसने अपना फिंगरप्रिंट और फोटो अमन का लगवा दिया। इसी फर्जी आधार और आरआरबी एडमिट कार्ड पर लगे अमन के फोटो का फायदा उठाकर अमन ने आगरा के जीबी इन्फोटेक सेंटर पर शिवालय की जगह परीक्षा दी। पकड़े जाने के वक्त दोनों बचे हुए पैसों का लेन-देन कर रहे थे। अमन ने स्वीकार किया कि वह इसी तरह लोगों का आधार कार्ड अपडेट करवाकर और दस्तावेजों में अपना फोटो लगाकर उनकी जगह परीक्षा देकर पैसे कमाता है।

# कोडीन का काला बाजार

## 26 फर्मों पर सात जिलों के अधिकारियों ने मारा छापा, नकली इंजेक्शन मिले

एनएनआई

**आगरा।** लखनऊ में कोडीन सिरप की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गैंग पकड़े जाने पर आगरा में सात जिलों के औषधि विभाग के अधिकारियों ने 26 फर्म के स्टोर-गोदामों पर छापे मारे। कुछ दवाएं संदिग्ध मिली हैं। कमला नगर की एलोसेफ फामार्केयर पर इंजेक्शन मिले हैं। ये राजस्थान में नकली पाए गए थे। इसी फर्म ने ही इनको बेचा था। जांच के लिए कुछ छह नमूने लिए हैं।

लखनऊ मुख्यालय से आए सहायक आयुक्त औषधि अखिलेश कुमार जैन ने बताया कि एफएसडीए की आयुक्त रोशन जैकब के नेतृत्व में दो दिन तक 26 फर्मों के गोदामों की जांच की गई। कोडीन कफ सिरप समेत नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं के रिकार्ड खंगाले गए।

राजस्थान में एंटी एलर्जिक केनाकॉर्ट-40 इंजेक्शन नकली मिलने पर कमला नगर स्थित एलोसेफ फामार्केयर कंपनी के यहां छापा मारा। यहां 108 इंजेक्शनों की बिक्री के बिल दिखाए, इसमें 4 मिले। पूछताछ में संचालक ने बताया कि ये इंजेक्शन फव्वारा स्थित जयश्री राम फार्मा से खरीदे थे। इसकी जांच की जा रही है। एलोसेफ फामार्केयर कंपनी कमला नगर की एग्रोसेफ फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड की सहयोगी संस्था है। कमला नगर की ही ओक्विक लाइफ साइंसेज में एक संदिग्ध दवा मिली है।





### एग्रोसेफ फार्मास्युटिकल्स की 8 फर्म की हुई जांच

कमला नगर स्थित एग्रोसेफ फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड की आठ फर्म की जांच में एलोसेफ फामार्केयर, मेडिजोन ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर, एग्रोसेफ फार्मास्यूटिकल्स और अमित मेडिकल एजेंसी एक ही पते पर स्थित हैं। अन्य फर्म बीएम प्रेम मेडिकेयर एंड फार्मास्यूटिकल्स, मेडिजोन फार्मास्यूटिकल्स संजय प्लेस और अमित मेडिसिन कॉर्नर गोगिया मार्केट फव्वारा में है। एक अन्य फर्म कमला नगर स्थित बीएम हॉस्पिटल में कार्तिक मेडिकल स्टोर है। इन कंपनियों के तीन गोदाम कलवारी और एक संजय प्लेस में है। इनकी जांच में न के बराबर नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं का कारोबार मिला।

यहां नारकोटिक्स श्रेणी की दवाएं नहीं मिली हैं। इस फर्म की मालिक के परिजन की कृष्णा एजेंसी ने नारकोटिक्स श्रेणी की दवा- सिरप की अवैध खरीद-बिक्री करने पर पूर्व में पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हॉस्पिटल रोड फव्वारा स्थित माधव कृपा एजेंसी में अभयटॉक्स-0.5 एमएल इंजेक्शन, सिंटोसिनॉन इंजेक्शन खुले में रखे मिले।

इनको कोल्ड चेन रूम में तय तापमान में रखना जरूरी है। खुले में रखने से दुष्प्रभाव का खतरा है। इसको सीज किया जाएगा। टीम में लखनऊ के वैभव बब्बर, गाजियाबाद के आशुतोष मिश्रा, एटा के अनिरुद्ध कुमार, मैनपुरी के दीपक कुमार, फिरोजाबाद के देशबंधु विमल, मथुरा के प्रेम पाठक और आगरा के कपिल शर्मा शामिल रहे।

**चिंटू आहूजा और इसकी फर्म से कारोबार पर हुई जांच**

सहायक आयुक्त ने बताया कि दवा माफिया देवेंद्र उर्फ चिंटू आहूजा और उसकी फर्म से नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं-कफ सिरप की खरीद-बिक्री के मामले में जीएस मेडिको शीतला गली एमएम गेट, नीलकंठ मेडिकल एजेंसी हींग की मंडी, मानविक मेडिकल एजेंसी छिली ईंट घटिया आजम खां, कोमल मेडिकल एजेंसी नवाबिया मार्केट फव्वारा, जयश्री राम फार्मा शीतला गली, जीएस फार्मा बोहरे रामगोपाल मार्केट फव्वारा, एचएमजी ड्रग हाउस मुबारक महल जौहरी बाजार, मनु फार्मा हींग की मंडी, श्रीजी फार्मा नवाबिया मार्केट फव्वारा, रश्मि मेडिको झूलेलाल मार्केट फव्वारा, रजत फार्मा झूलेलाल मार्केट फव्वारा, राजधानी ड्रग हाउस मुबारक महल फव्वारा, विजय मेडिकल एजेंसी हींग की मंडी, महेश फार्मा डिस्ट्रीब्यूटर कम्प्यूटोला फव्वारा के बिल खंगाले। इनमें राजधानी ड्रग हाउस और जीएस मेडिको कुछ ही कफ सिरप मिले। इनकी अवैध बिक्री का कोई साक्ष्य नहीं मिला। अन्य के यहां बीते दो साल से कोडीनयुक्त सिरप की खरीद-बिक्री नहीं की जा रही है।

## गेस्ट हाउस में देह व्यापार, दो अरेस्ट

**आगरा एनएनआई।** एकता थाना के धांधुपुरा क्षेत्र के नगला डीम स्थित द ताज पेइंग गेस्ट हाउस में देह व्यापार की सूचना पर एसीपी सैंया सुकन्या शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने छापा मारकर एक युवती और किशोरी को मुक्त कराया है। गेस्ट हाउस संचालक और रैकेट चला रही संचालिका को गिरफ्तार किया गया है। मौके से आपत्तिजनक सामान मिला है।

एसीपी सुकन्या शर्मा ने बताया कि प्रयागराज के एनजीओ फ्रीडम फर्म ने धांधुपुरा में द ताज पेइंग गेस्ट हाउस में देह व्यापार की सूचना दी थी। शुक्रवार को रेकी के बाद शनिवार को दो सिपाहियों को ग्राहक बनाकर भेजा गया। तीन हजार रुपये लेकर महिला ने एक नाबालिग और युवती को दिखाया। नोट पहले ही चिन्हित कर लिए थे। इस बीच पुलिस ने छापा मारा, जिसमें काउंटर पर गेस्ट हाउस संचालक अनिल कुमार मिला। रैकेट संचालिका के भागने पर उसे पकड़ लिया गया। महिला रकाबगंज क्षेत्र की निवासी निकली। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि अनिल पहले बेरोजगार था। उसने तीन माह पहले तीस हजार रुपये माह पर छह कमरों का गेस्ट हाउस किराए पर लिया। प्रेमी जोड़ों को बिना आईडी के घंटों के हिसाब से कमरे देना शुरू किया। रैकेट संचालिका से उसका पहले से परिचय था। अधिक मुनाफा कमाने के लिए महिला से गरीब और बेरोजगार लड़कियों को रुपयों का लालच देकर देह व्यापार के लिए तैयार करने को कहा।

## भाई-भाभी से परेशान युवक ने शादी के 21 दिन बाद दी जान

एनएनआई

**आगरा।** शाहगंज के खेरिया मोड़ निवासी युवक ने फेसबुक पर अपना वीडियो अपलोड करने के बाद यमुना में कूदकर आत्महत्या कर ली। उसकी 21 दिन पहले ही शादी हुई थी। मरने से पहले उसने अपने भाई और भाभी पर संपत्ति हड़पने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। घटना के 13 दिन बाद ससुर की तहरीर पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जगदीशपुरा के आवास विकास कालोनी सेक्टर चार स्थित भगवती आशियाना के रहने वाले कमल सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री रजनी उर्फ मधु (20) की शादी 2 नवंबर को शाहगंज के खेरिया मोड़ निवासी लक्ष्मण (25) से की थी। लक्ष्मण का बड़ा भाई राकेश और भाभी उमा अपने दोनों भाइयों के हिस्से की संपत्ति हड़पना चाहते थे। इसलिए वह शादी के खिलाफ थे।

राकेश के पिता राम खिलाड़ी सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी हैं। राकेश ने उनके रुपयों से संजय प्लेस में दुकान ली थी और लक्ष्मण के साथ मिलकर प्रिंटिंग का काम करता था। 19 नवंबर को दुकान पर देरी से आने पर राकेश ने लक्ष्मण को भगा दिया। घर पर राकेश और उसकी पत्नी बार-बार विवाद कर लक्ष्मण को कहीं जाकर मर जाने को बोल रहे थे। 22 नवंबर को बेटी ने फेसबुक पर लक्ष्मण की वीडियो देखी, जिसमें वह भाई राकेश और भाभी उमा पर पिता की जमा पूंजी हड़पने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर आत्महत्या करने की बोल रहा था। वीडियो देखते ही बेटी ने फोन कर उन्हें जानकारी दी और सबने लक्ष्मण को ढूंढना शुरू किया। थोड़ी देर बाद एकता थाना की तोरा चौकी के प्रभारी ने लक्ष्मण का शव धोबीघाट पर यमुना में मिलने की जानकारी दी।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना क्षेत्र के कालिंदी विहार निवासी रेखा देवी ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री के गुम होने की सूचना थाना ट्रांस यमुना में दर्ज कराई है। रेखा देवी ने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री को 27 नवंबर 2025 को शिवम चौधरी, निवासी राधा नगर, बहला-फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। खोजबीन के दौरान परिजनों को संदेह हुआ कि तेजस्वी को शिवम चौधरी ही अपने साथ ले गया है। इसके बाद परिजनों ने थाना प्रभारी को घटना की जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत कर किशोरी की तलाश के लिए टीम गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## आईआईटी शिक्षिका 4 दिन से लापता, थाने पर हंगामा

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में सरकारी आईटीआई कॉलेज में कार्यरत महिला शिक्षिका के चार दिनों से अचानक लापता होने से हड़कंप मचा हुआ है। शनिवार को कार्रवाई न होने का आरोप लगाकर परिजनों ने थाने पर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने पति और ससुराल पक्ष पर हत्या का संदेह जताते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

मैनपुरी कोतवाली क्षेत्र के निवासी लखन शर्मा ने बताया कि उनकी 32 वर्षीय बेटी पूजा शर्मा की शादी 14 वर्ष पूर्व कालिंदी विहार निवासी ब्रज किशोर से हुई थी। दोनों एत्मादपुर स्थित सरकारी आईटीआई कॉलेज में शिक्षक हैं। दंपती की 11 वर्षीय बेटी पावनी और तीन वर्षीय बेटा युग है।

परिजनों के अनुसार, पूजा मंगलवार से लापता है। उसका मोबाइल फोन घर पर ही पड़ा मिला। जब परिजनों ने संपर्क करना चाहा तो फोन बड़े देवर ने उठाया और बताया कि पूजा कॉलेज गई हुई है। संदेह होने पर शुक्रवार को परिजन आईटीआई पहुंचे तो पता चला कि पूजा मंगलवार से कॉलेज नहीं आई है, जबकि पति रोजाना की तरह आराम से ड्यूटी कर रहा था।

जब माता- पिता बेटी की जानकारी लेने ससुराल पहुंचे तो उन्हें बच्चों से मिलने तक नहीं दिया गया। परिजनों का आरोप है कि पति ने उलटा जवाब देते हुए कहा—ह्लपुलिस के पास जाने से पहले उसकी लाश ढूंढ लोह्ल इससे परिजनों की चिंता और अधिक बढ़ गई। उन्होंने आशंका जताई कि पूजा की हत्या कर उसके शव को कहीं छिपा दिया गया है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि महिला के लापता होने की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
रविवार, 07 दिसम्बर, 2025


# एत्मादपुर चौराहे पर जल्द मिलेगी जाम के झाम से निजात

## फ्लाईओवर निर्माण की मांग पर मिला केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का जवाब

- सांसद नवीन जैन की पहल को मिली सहमति

एनएनआई



**आगरा।** आगरा-कानपुर हाईवे (राष्ट्रीय राजमार्ग 19) पर स्थित एत्मादपुर चौराहे पर बढ़ते जाम और यातायात अव्यवस्था को लेकर राज्यसभा सांसद नवीन जैन द्वारा उठाई गई मांग पर अब केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का जवाब प्राप्त हुआ है। सांसद नवीन जैन ने 22 जून 2025 को भेजे अपने पत्र में चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण और यातायात प्रबंधन के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की थी।

सांसद जैन ने अपने पत्र में बताया था कि एत्मादपुर चौराहे पर अत्यधिक संख्या में वाहनों के आवागमन के कारण गंभीर जाम लगता है, जिससे स्थानीय निवासियों, यात्रियों और व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया था कि वाहनों की धीमी गति से ईंधन की खपत बढ़ रही है, जिससे प्रदूषण में वृद्धि होती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए उन्होंने फ्लाईओवर निर्माण को आवश्यक बताया था।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने जवाब में बताया है कि सांसद का पत्र प्राप्त कर लिया गया है, और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर एत्मादपुर चौराहे व आसपास के क्षेत्र की यातायात परिस्थितियों एवं जनसुविधाओं की स्थिति पर तैयार की गई है।

गडकरी ने पत्र में लिखा है कि इस क्षेत्र में स्थानीय व क्षेत्रीय वाहनों की बड़ी संख्या के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि कंस्ट्रक्शन के दौरान भी जाम हटाने के लिए समुचित प्रयास किए जा रहे हैं, और संबंधित स्थान पर यातायात के उचित प्रबंधन के लिए प्रशासन को निर्देशित किया गया है। नितिन गडकरी ने अपने पत्र में आश्वस्त किया है कि एत्मादपुर चौराहे की यातायात व्यवस्था को सुधारने और प्रस्तावित फ्लाईओवर से संबंधित डी पी आर व समस्त पहलुओं पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर लिया संज्ञान

- वायु प्रदूषण रोकथाम के प्रभावी उपायों के संबंधित विभागों व संस्थाओं को दिए कड़े निर्देश



- शहर में वायु प्रदूषण, ट्रैफिक आदि के दृष्टिगत मेट्रो के अधिकारियों को लगाई कड़ी फटकार

**आगरा (एनएनआई)।** जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण का तत्काल संज्ञान लेकर वायु प्रदूषण रोकथाम के प्रभावी उपायों के क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों यथा यूपी पीसीबी, निर्माण कार्यों से संबंधित कार्यदाई संस्थाओं, नगर निगम, मेट्रो, जल निगम आदि विभागों के अधिकारीगण के साथ तहसील सदर कक्ष में समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम मैट्रो के अधिकारियों को तलब किया तथा शहर के एमजी रोड सहित अन्य क्षेत्रों में चल रहे निर्माणकार्यों से प्रभावित ट्रैफिक व्यवस्था, वायु प्रदूषण आदि के संबंध में जवाब तलब किया। जिलाधिकारी ने मेट्रो निर्माण कार्यों से शहर की यातायात व्यवस्था से आमजन को आवागमन में होरही समस्या पर कड़ी फटकार लगाई तथा निर्देश दिए कि इन दिनों शादी विवाह के सीजन को देखते हुए सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था हेतु प्लान तैयार कर प्रभावी कार्यवाही करें, जिलाधिकारी ने एमजी रोड, कैंट स्टेशन सहित अन्य मार्गों बैरिकेडिंग व्यवस्था में सुधार करने, बढ़ते वायु प्रदूषण के दृष्टिगत निर्माण स्थलों पर ग्रीन नेट लगाने, स्प्रिंकलर द्वारा लगातार जल छिड़काव, स्मोक गन आदि के प्रभावी उपाय करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय अधिकारी, यूपी पीसीबी से शहर के ऑटोमैटिक मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एकत्र आंकड़ों पर जारी एक्यूआई रिपोर्ट तलब कर उसकी समीक्षा की, जिसमें बताया गया कि विगत वर्ष 2024 में नवम्बर में एयर क्वालिटी इंडेक्स 141 था, अभी माह दिसंबर में लगभग 159 होने पर जिलाधिकारी द्वारा गहन चिंता जताई गई तथा एयर क्वालिटी सुधार हेतु सभी प्रभावी उपाय करने हेतु कड़े निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम को सी एंड डी वेस्ट का प्रॉपर डिस्पोजल कराए जाने, भवन निर्माण सामग्री, अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग आदि में ग्रीन नेट से ढक कर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करने हेतुनगर निगम के अधिकारियों तथा यूपी पीसीबी को निर्देशित किया गया।बैठक में जिलाधिकारी ने वायु प्रदूषण मानक अनुपालन न करने, कूड़ा जलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा जुर्माना लगाने को निर्देशित किया। बैठक में निर्माण सामग्री को ढक कर रखने, पानी का छिड़काव करते रहने, बालू, मोरंग आदि सड़क पर खुला पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सीडीओ ने किया तेहरा गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण

एनएनआई



**आगरा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह द्वारा ब्लॉक सैंया स्थित तेहरा गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय स्थल में मौके पर 83 गौवंश संरक्षित मिले, जहां 30 क्विंटल भूषा,15 क्विंटल चोकर, दाना, पौष्टिक आहार मिला। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रतिदिन संरक्षित गौ वंश हेतु हरा चारा,चुनी चोकर व पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए गए। हरा चारा बुवाई के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि 03 बीघा भूमि पर हरा चारा बोया गया है। सीडीओ ने ठंड से बचाव के लिए तिरपाल की समुचित व्यवस्था करने,अलाव जलाने, पराली बिछावन करने के निर्देश दिए गए। बीडीओ एवं सेक्रेटरी को निर्देशित किया गया कि अगर कोई भी कमी पाई जाती है तो कठोर कार्यवाही की जाएगी साथ ही नियमित रूप से गौशाला का निरीक्षण करने एवं समस्त व्यवस्थाओं को भी पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया, डॉक्टर को बीमार गोवंश की चिकित्सा एवं नियमित भ्रमण हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण में डीसी मनरेगा रामायण सिंह यादव, सीवीओ डॉ.डीके पांडे, खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव सरिता , ग्रामप्रधान, पशुधन प्रसार अधिकारी,केयर टेकर आदि मौजूद रहे।

# तहसील दिवस में 153 शिकायतों में से आठ का निस्तारण

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न
- निर्धारित समय सीमा के अंदर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

एनएनआई






**आगरा।** तहसील सदर में जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के साथ साथ सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से संपर्क करें तथा उनसे वार्ता कर शिकायत को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण होने के बाद शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए, जिससे उनको भी निस्तारण स्थिति का पता चल सके और निस्तारण आख्या में सम्पूर्ण घटनाक्रम को अंकित करते हुए पोर्टल पर अपलोड की जाए। समाधान दिवस में शिकायत कर्ता संजय प्रकाश दीक्षित ने अपनी शिकायत में बताया कि मार्ग को अवरुद्ध कर निजी प्लॉट खसरा नंबर 137,मुगलिया रोड मुहम्मद पुर में प्लॉट पर दाह संस्कार किया जाता है, जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को आम सड़क प्लॉट आदि पर दाह संस्कार न कराने, बोर्ड लगाने तथा श्मशान भूमि पर ही दाह संस्कार कराए जाने के निर्देश दिए।

तहसील दिवस के दौरान कुल 153 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 08 का मौके पर ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा तत्काल निस्तारण कराया गया।

शेष शिकायतों में मुख्यतः विद्युत, पेंशन, राशन, भूमि विवाद, चकरोड निर्माण/अतिक्रमण, नाली निर्माण, अवैध अतिक्रमण आदि से सम्बन्धित थीं, जो कि 51 राजस्व विभाग, 32 पुलिस विभाग, 12 नगर निगम, 04 शिक्षा विभाग, 08 विद्युत विभाग, 05 आगरा विकास प्राधिकरण, 06 विकास खण्ड, 04 सीएमओ, 02-02 पीडब्ल्यूडी व आवास विकास, 04 जिला समाज कल्याण अधिकारी, 03 पूर्ति निरीक्षक, 02 परियोजना अधिकारी डूडा, 02 जलकल/जल निगम तथा 16 अन्य से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई।

# नागरिक सुरक्षा निदेशालय के संदेश पढ़ कर बढ़ाया स्वयंसेवकों का मनोबल

- 63वें नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर कार्मिकों एवं अवैतनिक स्वयंसेवकों दिलाई गई शपथ तथा प्रशस्ति पत्र किया गया वितरित

एनएनआई

**आगरा।** अपर जिलाधिकारी (नगर)/प्रभारी नागरिक सुरक्षा यमुनाघर चौहान के करकमलों से 63वें नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर नागरिक सुरक्षा प्रभाग कार्यालय कमलानगर मोतिया की बगीची निकट वाटर वर्क्स जीवनी मण्डी रोड आगरा पर ध्वजाउत्तोलन करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी (नगर)/प्रभारी नागरिक सुरक्षा निदेशालय से प्राप्त शपथ, सभी कार्मिकों एवं अवैतनिक स्वयंसेवकों को दिलाई गई तथा उप मुख्य वार्डेन एवं सहा० उपनियंत्रक द्वारा नागरिक सुरक्षा निदेशालय से प्राप्त महानिदेशक एवं निदेशक, नागरिक सुरक्षा के संदेश को पढ़कर सुनाया गया।



अपर जिलाधिकारी (नगर)/प्रभारी नागरिक सुरक्षा ने कहा कि नागरिक सुरक्षा के वार्डेन प्रशासन के साथ शांति व्यवस्था ड्यूटी में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हैं। निष्काम कार्य एक सराहनीय कार्य है तथा नागरिक सुरक्षा के वैतनिक एवं अवैतनिक पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दी गयीं। विशिष्ट अतिथि द्वारा स्वयंसेवकों को सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र भी वितरित किये गये।

उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा द्वारा वर्तमान वर्ष के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नागरिक सुरक्षा विभाग में समय-समय पर विभिन्न संस्थानों पर आपदा से बचाव के प्रशिक्षण कार्यक्रम, अभ्यास, प्रदर्शन एवं मॉक ड्रिल आयोजित किये जाते हैं। भूपेन्द्र शिवहरे, डिप्टी चीफ वार्डेन द्वारा अवगत कराया कि नागरिक सुरक्षा संगठन सर्व:भूत हिते रतः सिद्धांत पर कार्य करता है। नागरिक सुरक्षा का वार्डन प्रत्येक स्थिति में निष्काम भाव से कार्य करता है। चाहे वह आपदा की स्थिति हो या कानून व्यवस्था की स्थिति हो। कार्यक्रम का संचालन राजीव चन्देल, घटना नियन्त्रण अधिकारी द्वारा किया गया।

## समाजवादियों ने बाबा साहेब को याद कर दी श्रद्धांजलि

- बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की परिनिर्वाण दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा




एनएनआई

**आगरा।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय फतेहाबाद रोड, आगरा में एक श्रद्धासुमन अर्पण कार्यक्रम एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कृष्ण वर्मा द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प और माला अर्पित कर की गई। इसके उपरांत सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने क्रमवार बाबा साहेब को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का समाज सुधार, समानता, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के प्रति योगदान सदैव राष्ट्र को दिशा देता रहेगा, उनका संघर्षमय जीवन तथा सामाजिक समरसता का संदेश आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए मार्ग–समानता, भाईचारे, सामाजिक उपलिफ्टमेंट तथा मानव गरिमा–पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने बाबा साहेब के सिद्धांतों और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया, पुण्यतिथि पर आयोजित यह श्रद्धांजलि सभा सभी में नई ऊर्जा, प्रेरणा और सामाजिक दायित्व के प्रति समर्पण की भावना उत्पन्न करने में सफल रही। अध्यक्ष कृष्ण वर्मा, सुरेंद्र चौधरी, श्याम भोजवानी, विनय अग्रवाल, पप्पू यादव, देवेंद्र यादव, पठान कुरैशी तथा अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डॉ. आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस श्रद्धा, सम्मान और आस्था के साथ मनाया



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में संविधान निर्माता, महान सामाजिक सुधारक और भारत के प्रथम विधि मंत्री डॉ. भीमराव आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस शनिवार को श्रद्धा, सम्मान और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने उनके जीवन-संघर्ष, योगदान और विचारों को स्मरण करते हुए सामाजिक समरसता, समानता और संवैधानिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन में कुलसचिव अजय कुमार मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश, आंबेडकर चेयर के कोऑर्डिनेटर प्रो. रणवीर सिंह एवं प्रो. राजेश कुशवाहा सहित कई प्राध्यापकों और अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कुलसचिव अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने देश को एक ऐसा सर्वसमावेशी संविधान दिया, जिसमें प्रत्येक नागरिक को योग्यता और क्षमताओं के आधार पर प्रगति का अवसर मिलता है। हमें उनके आदर्शों और मार्गदर्शन को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए, तभी समाज में वास्तविक समानता और एकरूपता स्थापित हो सकेगी। कार्यक्रम में डॉ. आनंद टाइटलर, अनिल श्रीवास्तव, निरंजन सिंह, संजय शर्मा सहित विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

# कथित घोटाले की जांच करने के लिए पहुंची जांच कमेटी

एनएनआई

**आगरा।** हेमा पट्रोल पंप से पश्चिमपुरी चौराहे तक नगर निगम आगरा द्वारा वर्ष 2023-24 में सड़क निर्माण व सड़क के दोनों ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने का कार्य किया था। इस कार्य में गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया था। नगर निगम द्वारा हेमा पेट्रोल पंप से पश्चिमपुरी चौराहे तक किए गए सड़क निर्माण में हुए कथित घोटाले की जांच करने के लिए जांच कमेटी के पार्षद सदस्य रवि करोतिया, प्रवीना राजावत, वीरेंद्र लोदी और हेमंत प्रजापति शनिवार को मौके पर जांच करने पहुंचे। उन्होंने पाया कि जांच से पहले ही नगर निगम द्वारा मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। पार्षदों ने इस पर विरोध किया और इसे जांच से पहले ही सड़क निर्माण में की गई गड़बड़ी पर लीपापोती करार दिया। सदन की बैठक में पार्षदों द्वारा इस प्रकरण को लेकर हंगामा किया था और पूरे मामले की जांच करने की मांग की थी। इसके बाद महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल से इस मामले की जांच करने के लिए कमेटी गठित करने और सात दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया था। जब सात दिन के अंदर जांच कमेटी का गठन नहीं हुआ, तो पार्षदों की मांग पर और अधिकारियों द्वारा दिखाई जा रही उदासीनता को देखते हुए महापौर ने खुद ही कमेटी का गठन करके जांच करने के लिए निर्देशित किया था।



जांच समिति के सदस्य रवि करोतिया ने निगम के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि महापौर द्वारा बनाई गई जांच समिति को निगम के अधिकारी जांच करने में सहयोग नहीं कर रहे हैं। अब तक निगम के अधिकारियों द्वारा जांच समिति को लेकर कोई पत्र जारी नहीं किया गया है। जब हम खुद ही मौके पर जांच करने पहुंचे तो पाया कि सड़क निर्माण में की गई गड़बड़ियों को छिपाने के लिए लीपापोती की जा रही है। जांच समिति की सदस्य पार्षद प्रवीना राजावत ने किए जा रहे लीपापोती के कार्यों का विरोध किया और मौके पर मौजूद मजदूरों व ठेकेदार से पूछताछ की कि आपको किसने इस कार्य को करने के लिए निर्देशित किया है। इस पर मजदूर व ठेकेदार कोई भी जवाब नहीं दे पाए।

जांच समिति के पार्षद सदस्यों ने निगम के अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण में गड़बड़ी के तथ्यों को छिपाने व अधिकारियों द्वारा जांच समिति को सहयोग न किए जाने का आरोप लगाया और कहा कि वह इस मामले की लिखित शिकायत महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह से करेंगे।

# यूपी बन रहा विद्युत उत्पादन में आत्मनिर्भर

- पीएम सूर्य घर योजना से आगरा मंडल में रिकॉर्ड 82 हजार से अधिक लोगों ने किया आवेदन
- वेंडरों और कंपनियों के विस्तार से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर मिल रहा रोजगार

एनएनआई

**आगरा।** योगी सरकार की हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की नीति उत्तर प्रदेश को विद्युत उत्पादन में आत्मनिर्भर बना रही है, साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है। केंद्र की 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' को आगरा मंडल में जबरदस्त सफलता मिली है। यहां 82 हजार से अधिक लोगों ने सौर ऊर्जा से अपने घर और प्रतिष्ठान रोशन करने के लिए आवेदन किया है, जिससे ब्रज क्षेत्र ग्रीन एनर्जी की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। यूपी नेडा परियोजना अधिकारी (अतिरिक्त प्रभार) खगेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की प्रोत्साहन नीतियों और पीएम सूर्य घर योजना के कारण सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ रहा है। आगरा मंडल में अब तक 82759 लोगों ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आवेदन किया है। जिसमें आगरा जनपद से 30502 आवेदन प्राप्त हुए है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली प्रदान कर रही है, बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देते हुए पर्यावरण और रोजगार दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस योजना से आगरा मंडल में अब तक 3200 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। इस योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा 'सूर्य मित्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यूपी नेडा द्वारा युवाओं को सोलर पैनल लगाने और रखरखाव का मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को सोलर सेक्टर में करियर बनाने और रोजगार पाने का अवसर मिल रहा है। हजारों वेंडरों, कंपनियों और प्रशिक्षित तकनीशियनों के माध्यम से नए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। सोलर इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस के तकनीकी सहायक पंकज यादव ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यूपी नेडा से प्रशिक्षण लेने के बाद मुझे सोलर कंपनी में तुरंत काम मिल गया। पहले मैं बेरोजगार था, लेकिन अब मैं एक स्थायी करियर बना रहा हूँ। योगी सरकार का यह कदम युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका दे रहा है।



# आगरा सहित यूपी में बदलेंगे समीकरण: अखिलेश

## सपा प्रमुख ने पत्नी सांसद डिम्पल यादव और राज्यसभा सदस्य जया बच्चन के साथ फतेहपुर सीकरी में की चादरपोशी

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को अपनी पत्नी सांसद डिंपल यादव और राज्यसभा सदस्य जया बच्चन के साथ हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी की। हालांकि बाबरी विध्वंस की बरसी पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फतेहपुर सीकरी राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी।

दरगाह पर दुआ मांगने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट कहा कि समीकरण बदलने का काम हमने भी बीजेपी से सीख लिया है और आने वाले विधानसभा चुनाव में आगरा समेत पूरी यूपी की राजनीति में भी समीकरण बदलेंगे।कड़ी सुरक्षा के बीच अखिलेश यादव परिवार सहित हजरत शेख सलीम चिश्ती की मजार पर पहुंचे। उन्होंने चादर अर्पित कर देश-प्रदेश की अमन, भाईचारा और खुशहाली के लिए दुआ की। दरगाह से लौटते समय उन्होंने कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी जोश देखने को मिला।

अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा की पहचान ताजमहल की शान, पेठे की मिठास और हैंडीक्राफ्ट्स की कला से है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक स्थलों पर हजारों परिवारों का रोजगार चलता है। आज आगरा मेट्रो का जो काम दिख रहा है, यह समाजवादी सरकार की देन है, जिसे वर्तमान सरकार पूरा कर रही है। सपा अध्यक्ष ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चिंता जताते हुए कहा कि लोग सतर्क रहें, वोट कटने नहीं देना है। सरकार वोट घटाने का काम कर रही है। आप सभी को सजग रहकर सरकार को ऐसा नहीं करने देना है। वोट कटें नहीं बल्कि जिनके वोट नहीं बने हैं, उनके नाम वोटर लिस्ट में आने चाहिए।अखिलेश यादव ने नदियों की स्थिति पर कहा कि डबल इंजन सरकार यमुना की हालत सुधार नहीं सकी। भाजपा सरकार कहती थी कि गंगा का जल बिहार तक पहुंचते ही साफ होगा, लेकिन गंगा आज भी आचमन योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार यमुना आगरा आते-आते नाले जैसा पानी हो जाती है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में गोमती नदी पर हमारी सरकार ने काम किया था, जिसका नतीजा आज भी देखा जा सकता है।

सपा मुखिया ने देश में इंडिगो उड़ानें थमने के सवाल पर कहा कि आज देश की उड़ानें उद्योगपति तय कर रहे हैं। यह उनकी ताकत का एहसास है, सरकार सिर्फ देख रही है। जनता को भी इसका असर झेलना होगा। उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव पर बोलते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा से हमने भी समीकरण बदलने की कला सीखी है।

आगरा जिले की नौ सीटों पर भी समीकरण बदलेंगे और समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी समीकरण के हिसाब से ही टिकट और रणनीति बनाएगी।संविधान व आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि संविधान हमारी किस्मत की किताब है।

फतेहपुर सीकरी पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का जबरदस्त स्वागत किया। स्वागत करने वालों में महानगर अध्यक्ष वाजिद निसार, फतेहपुरसीकरी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, वरिष्ठ सपा नेता प्रदीप मुखिया, सपा के वरिष्ठ नेता राजपाल यादव समेत अन्य ने बुके भेंट कर स्वागत किया।फतेहपुर सीकरी जाते समय सपा मुखिया का किरावली चौराहे पर भी स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में महाराज सिंह शाक्य, ऋषि दर्शन, देवेंद्र शर्मा, रमजान उस्मानी, राशिद कुरैशी, रंजीत चौधरी, स्माइल मेव, डॉक्टर खान, हाजी आजाद मेव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक मेहरोत्रा को मातृ शोक

**आगरा एनएनआई।** वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक मेहरोत्रा के कजिन अनुज मेहरोत्रा (मोंटू भाई) का आकस्मिक निधन हो गया है। पेशे से व्यापारी अनुज की उम्र 48 साल थी। यमुना में डूबने से उनकी मृत्यु हो गई। अपने पीछे वे पुत्र जय और पत्नी रचना सहित मां आशा मेहरोत्रा, चाचा जन प्रेम मेहरोत्रा और अनिल मेहरोत्रा ,भाई भाभी प्रशांत-रंजीता और प्रवीण-सोनल, मयंक, अंकुर, पीयूष , भतीजे यश-पलक, देव, गुल, गजल का पूरा परिवार छोड़ गए है। इस अप्रत्याशित मृत्यु से पूरा परिवार गहन शोक में है। अनुज की मोजे बनाने की फैक्ट्री थी,स्वभाव से हंसमुख अनुज के अचानक यूं दुनिया से रुखसत होने हर कोई हतप्रभ है। खत्री बंधु सभा समेत कई व्यापारिक संगठनों ने शोक संदेश प्रेषित करते हुए आत्मा की शांति और परिजनों को संबल देने के लिए प्रभु से प्रार्थना की है।



## मानसिक विकास और व्यक्तित्व निखार पर हुई प्रतियोगिताएं

**आगरा एनएनआई।** भारत विकास परिषद आगरा संस्कार शाखा द्वारा बाबा केशव दास सरस्वती शिशु मंदिर कृष्णा बाग कॉलोनी, दयालबाग, आगरा पर बच्चों के मानसिक विकास एवं व्यक्तित्व निखार हेतु निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता, नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आगरा के सुप्रसिद्ध उद्योगपति रामशरण मित्तल उपस्थित थे। उन्होंने स्कूल में बन रहे कमरों का फर्श आदि काम में निर्माण सहयोग हेतु चैरिटेबल संस्था मुकेश मित्तल वेलफेयर फाउंडेशन" द्वारा बनवाने की घोषणा की बाबा केशवदास सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष केशव दत्त गुप्ता ने स्कूल के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। संस्कार शाखा के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल (पोली भाई) ने सभी आगुंतको का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष जितेंद्र बंसल ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रायोजक राम प्रकाश गुप्ता और राधा गुप्ता द्वारा बच्चों को पाठ्य सामग्री व अध्यापिकाओं को गर्म वस्त्र प्रदान किए ! कार्यक्रम में यू डी शर्मा , अनिल अग्रवाल, विजयमोहन, विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश ने कार्यक्रम का समापन किया कार्यक्रम समापन पर सभी बच्चों को भोजन प्रसादी का भी आयोजन भी किया गया!

कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रशांत अग्रवाल ने किया।



## चेकिंग में तीन वाहन जब्त, छह के कटे चालान

**आगरा एनएनआई।** अवैध खनन, ओवरलोडिंग की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम के सदस्यों द्वारा विभिन्न मार्गो/संदिग्ध स्थानों - ग्वालियर-आगरा, सैया टोल, दक्षिणी बाइपास, आगरा-भरतपुर, आगरा-बाह मार्गो पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 03 वाहनों को जनपद के विभिन्न थाना/चौकियों में निरूद्ध किया गया। 06 वाहनों का ऑनलाइन चालान किया गया। अवैध खनन/ परिवहन / ओवरलोडिंग की रोकथाम हेतु चलाया गया अभियान पूरी तरह से सफल रहा, भविष्य में भी इस तरह के अभियान चलाये जाते रहेंगें। खनन टास्क फोर्स द्वारा कार्यवाही की जाती रहेगी।

## केपीआईएमएस में सफलतापूर्वक की घुटना प्रत्यारोपण की रोबोटिक सर्जरी

**आगरा एनएनआई।** केपी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस के के रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण गुप्ता व तेल अवीव इजराइल से आए रोबोटिक सर्जन डॉक्टर निर्मोद स्नीर ने कई घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी सफलतापूर्वक किया। दोनों देशों के विशेषज्ञों ने आपसी चर्चा में यह जानकारी साझा की कि रोबोट अत्यधिक सटीकता से घुटना प्रत्यारोपण ऑपरेशन को अंजाम देता है व इस के पद्धति से किए जाने वाले घुटना प्रत्यारोपणओ में कम समय लगता है। न ही पीड़ा होती है एवं ऑपरेशन के उपरांत रोगी की रिकवरी भी शीघ्र हो जाती है।



## स्वर्णिम स्थापना दिवस पर एक्मा ने किया हवन-यज्ञ

**आगरा एनएनआई।** थोक कपड़ा कारोबारियों का मुख्य संगठन आगरा क्लाथ मर्केंटाइल ऐसोसिएशन (एक्मा) ने अपने "स्वर्णिम स्थापना दिवस" पर मुखर्जी मार्केट स्थित अपने कार्यालय पर भव्य हवन- यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया। एक्मा ने स्थापना के 50वें वर्ष में प्रवेश किया है। एक्मा अध्यक्ष टी.एन.अग्रवाल व महासचिव संजय अग्रवाल ने मुख्य पूजा की। समाजसेवी अशोक गोयल जी मौजूद रहे। उन्होंने एक्मा के गठन के उद्देश्य व आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष टी.एन.अग्रवाल ने कहा कि एक्मा की पहचान आज पूरे प्रदेश में है। प्रदेश में कपड़ा कारोबार पर आने वाली हर समस्या में एक्मा की उल्लेखनीय भूमिका रहती है। एक्मा के बैनर तले आज कपड़ा व्यापारियों को अपना आत्मस्वाभिमान व आत्मसम्मान सुरक्षित नजर आता है। इस मौके पर कपड़ा कारोबारियों की सामाजिक संस्था श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुनील विकल, अनिल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल ,एक्मा के पूर्व पदाधिकारी अशोक अरोड़ा, राज कुमार जैन भी मौजूद रहे। आहुति अर्पित करने वालों में एक्मा के उपाध्यक्ष वृजकिशोर अग्रवाल, माधव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ताराचंद गोयल, मंत्री राजीव गुप्ता, विशनु जैन तथा महेश गोयल,रवि बंसल व नंदकिशोर गोयल मुख्य रहे।



# हाइवे पर पलटी बस

## किरावली के पास हुई दुर्घटनाग्रस्त, एक यात्री की मौत

एनएनआई

**किरावली।** आगरा-जयपुर हाईवे पर बड़ा हादसा घटित हो गया। जहां यात्री बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस पलटते ही चीख पुकार मच गई। इस हादसे बाइक सवार चपेट में आने से पीछे बैठी महिला का हाथ कटा है बस में बैठे एक यात्री की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से ज्यादा मामूली घायल हो गए।

बताया गया है कि, बस गोरखपुर से अहमदाबाद सूरत जा रही थी। यह घटना आगरा-जयपुर हाई वे थाना किरावली क्षेत्र स्थित एचपी पेट्रोल पंप के ठीक सामने हुई। बस अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। बस पलटने से मौके पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, बस गोरखपुर से सूरत (अहमदाबाद) जा रही थी। यह बस किरावली स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के बराबर में बने टाटा मोटर्स के वर्कशॉप में मरम्मत के बाद ड्राइवर बस को ट्रायल के लिए हाईवे के अगले कट तक ले गया। कट से वापस लौटते समय कर को



बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकराकर बस पलट गई बस पलट से ही ठीक पुकार मच गई।

वर्कशॉप पर 20 के करीब सवारियां उतर गई थीं, जबकि 72 यात्री बस में सवार थे। मृतक की पहचान कुशीनगर जिले के कप्तानगंज तहसील के थाना रमकोला गांव पागार सिसवा मठिया गांव निवासी दुर्गेश गौड़ (32 वर्ष) पुत्र नंदलाल गौड़ के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेजा गया है। वहीं, गंभीर रूप से घायल महिला जिसका हाथ कटा है उसको एस एन इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है बाकी के घायल यात्रियों को मौके पर ही एसडीएम किरावली नीलम तिवारी, की मौजूदगी में एसीएमओ नंदन सिंह डिप्टी सीएमओ अंशुल पारेख, डीपीएम आगरा कुलदीप भारद्वाज, एवं सीएचसी प्रभारी किरावली डॉ राघवेंद्र सिंह सीएचसी प्रभारी अछनेरा डॉक्टर नीरज कुमार की मौजूदगी में डॉक्टरों की टीम एवं दवाई लेकर मौके पर पहुंची जहां मामूली घायल लोगों को तत्काल मौके पर ही इलाज मीडिया कराया गया।

कुछ घायलों को सीएचसी किरावली, अछनेरा हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है हादसे की सूचना मिलते ही थाना पुलिस एवं कॉलेज टोल प्लाजा के कर्मचारी 6 एम्बुलेंसों के साथ तत्काल मौके पर पहुंच और स्थानीय लोगों व क्रेन की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। इसी दौरान हाइवे पर जाम लग गया एक तरफ से रॉन्ग साइड वाहनों को निकाला गया 2 घंटे की मशक्कत के बाद हाईवे पर आवागमन से चालू हो गया बस को सीधा करने के बाद पेट्रोल पंप पर खड़ा किया गया।

# खेत से लौट रहे किसान को अज्ञात वाहन ने रौंदा



एनएनआई

**पिनाहट।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां खेत से अपने घर लौट रहे एक किसान को एक अज्ञात और तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि 55 वर्षीय किसान गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना भदरौली मार्ग स्थित अर्जुनपुरा गांव के पास शनिवार शाम को हुई। अर्जुनपुरा ब्लॉक पिनाहट निवासी त्रिलोक (उम्र 55), पुत्र मातादीन, जब खेत से घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। किसान त्रिलोकी को आनन-फानन में एक निजी वाहन द्वारा पिनाहट अस्पताल (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) ले जाया गया।

अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने किसान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत हायर सेंटर (आगरा) रेफर कर दिया है। परिजनों ने बताया कि किसान की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और अज्ञात वाहन तथा उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# अशक्त महिलाओं के लिए निकली विशेष तीर्थ यात्रा, मेयर ने दिखाई हरी झंडी



एनएनआई

**बाह।** सामाजिक दायित्व का शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शहगंज स्थित गरिमा हॉस्पिटल द्वारा शनिवार को अशक्त 101 महिलाओं के लिए विशेष तीर्थ यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। बटेश्वर, सोरी तथा यमुना आरती स्थल सहित कई धार्मिक स्थानों के दर्शन कराने के लिए बसों के काफिले को महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा ने पूजा-अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मुख्य अतिथि के रूप में शामिल महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा ने कहा कि ह्लअशक्त महिलाओं को सम्मानपूर्वक तीर्थ यात्रा कराना मानव सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। गरिमा हॉस्पिटल का यह प्रयास समाज को नई दिशा देने वाला है। इससे पहले भी गरीब एवं असहाय लोगों को अयोध्या धाम के दर्शन कराए जा चुके हैं। ऐसे कार्यक्रम सक्षम लोगों को सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. गरिमा गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. भूपेंद्र गुप्ता तथा पूरी मेडिकल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यात्रा के दौरान महिलाओं के लिए डॉक्टरों की टीम, मेडिकल सपोर्ट, भोजन-पानी तथा सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई थी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा के साथ विशिष्ट अतिथि आईएमएम अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र गुप्ता, डॉ नरेंद्र गुप्ता परिवार सहित,डॉ देवाशीष भट्टाचार्य,पूनम वर्मा,विज्ञान भारती संस्था से सुमित कुमार, मनोज गुप्ता,डॉ. सीमा सिंह, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. प्रियंका गुप्ता, प्रो गीता महेश्वरी,समाजसेवी प्रतिभा भार्गव, डॉ. भूपेंद्र गुप्ता सहित हॉस्पिटल का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

एनएनआई



**पिनाहट।** थाना क्षेत्र के गांव हुसैन पुरा मे जमीन को लेकर बिबाद मे दो पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी डंडे चल गए। हुसैनपुरा निवासी काशीराम ब दूसरे पक्ष मानसिंह के परिवार के लोग जमीनी विवाद को लेकर कहां सुनी हो गई।मामला इतना बढ़ गया की दोनों पक्ष आमने सामने आगये। जिसमे काशीराम उम्र 45 वर्ष ओमप्रकाश 37 वर्षगाबाद सिंह 60 वर्ष गंगा देवी 57 वर्ष जलदेवी 48 वर्ष आशा देवी 30 वर्ष शिवानी 24 वर्ष नेहा 20 वर्ष कौशल्या 22 वर्ष और जितेंद्र जिसमे मानसिंह 40 वर्ष सूरज 22 वर्ष रामनिवास 35 वर्ष खुशबू 18 वर्ष ज्योति 20 वर्ष आरती 30 वर्ष और माया देवी 35 वर्ष घायल हो गई घायल की सूचना पर पिनाहट पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची घायलों को तत्काल उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट में भर्ती कराया गया। गर्भवती महिला कौशल्या देवी भी घायल हो गई उसके पेट में गंभीर चोटें आई हैं।

# भक्ति से सराबोर हुई कलश यात्रा

**आगरा** एनएनआई। एत्माद्दौला रोड पर श्री राधा कृष्ण मंदिर पर 51 कलशो की शोभायात्रा गौरी पुत्र श्री गणेश जी की सवारी और पुष्प वर्षा के बीच सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलारम्भ हुआ। इस कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाओं व बहनों ने सम्मिलित होकर अपने हृदय को आनंदित किया।कलश यात्रा की शुरूआत राधा कृष्ण मंदिर से शुरू होकर एत्माद्दौला तिराहे से वापस मंदिर पर समाप्त हुई, इस कलश यात्रा में



भगवान गणेश जी की सवारी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही भक्तिमय माहौल में सभी श्रद्धालु नाचते गाते हुए चल रहे थे। कथा व्यास पंडित आचार्य रमाकांत शर्मा ने कलश यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की।स्थानीय पार्षद पति मंगल सिंह चौहान श्याम सुंदर अग्रवाल, मंदिर महंत पंडित अनिल शर्मा जी, बबलू कुशवाहा, संजय अग्रवाल, गोलू कुशवाहा, संजय कुशवाहा, राहुल, गौरव एवं रंजीत सिंह मुख्य रूप से शामिल रहे।

# खाद यूरिया न मिलने पर किसानों का हंगामा

एनएनआई

**पिनाहट।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत चचिया में स्थित समिति गोदाम पर पिछले 15 दिनों से खाद यूरिया न मिलने से नाराज किसानों ने आज जमकर हंगामा किया। किसानों ने आरोप लगाया कि समिति अध्यक्ष की लापरवाही और मनमानी के कारण उन्हें समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे फसलों पर संकट मंडरा रहा है।

किसान हरिओम ने बताया कि समिति अध्यक्ष पिछले कई दिनों से चेक पर साइन नहीं कर रहा है, जिसके चलते खाद की सप्लाई रुकी हुई है। उन्होंने कहा कि कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला।




किसानों का कहना है कि बार-बार गुहार लगाने के बाद भी अधिकारी मौके पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे ग्रामीण किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही खाद वितरण की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप कर खाद आपूर्ति शुरू करवाने और समिति अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## संपादकीय

# सुरक्षा की चिंता या जबरन एंट्री

केंद्र सरकार ने संचार साथी ऐप हर स्मार्ट फोन में प्री इंस्टाल कराने का आदेश वापस ले लिया है। पहले एक आदेश जारी हुआ, जिसमें कहा गया कि तीन महीने में हर स्मार्ट फोन में संचार साथी ऐप इंस्टाल होकर आएगा और पुराने फोन में सॉफ्टवेयर अपडेट करने पर यह इंस्टाल हो जाएगा। कहा गया कि यह ऐप फोन चोरी हो जाने पर उसे खोजने में मदद करेगा और साइबर फ्रॉड से बचाएगा। जब इसका विरोध हुआ तो दूरसंचार मंत्री ने कहा कि इस ऐप को डिलीट करने का विकल्प यूजर्स के पास होगा। इसके बाद भी विरोध जारी रहा तो अगले दिन संचार विभाग ने कहा कि यह ऐप प्री इंस्टाल नहीं होगा। लोग चाहें तो इसे डाउनलोड करके इंस्टाल कर सकते हैं। सवाल है कि क्या सरकार को नहीं पता था कि अगर किसी ऐप को हर स्मार्टफोन में अनिवार्य करने का आदेश दिया जाएगा तो उसका विरोध होगा? लग रहा है कि संचार साथी ऐप को लेकर दिया गया आदेश तदर्थ था और एक प्रयोग था, यह इससे भी साबित होता है कि इस बारे में कोई तकनीकी जानकारी नहीं दी गई। ध्यान रहे इस ऐप का जो दायरा है उससे साफ था कि सिम लेने के लिए इस्तेमाल की गई आईडी के साथ साथ मोबाइल नंबर, यूजर की लोकेशन, डिवाइस की पहचान यानी आईएमईआई का डाटा सरकार के पास रहेगा। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि डाटा कितने समय तक और कहां सुरक्षित रखा जाएगा। ऐप का सोर्स कोड पता नहीं है और न स्टोरेज को सुरक्षित रखने के लिए किस स्तर का इनक्रिप्शन हो रहा है यह स्पष्ट है। इसकी निगरानी किसके पास होगी और कौन कौन एजेंसी या लोग इसके डाटा को एक्सेस कर पाएंगे यह भी नहीं बताया गया है। यह डाटा किसी थर्ड पार्टी को उपलब्ध हो सकता है या इसका कारोबारी इस्तेमाल हो सकता है, इस बारे में भी स्पष्टता नहीं है। अगर सरकार गंभीर होती तो इन सबके बारे में पहले से बताया जाता। कोरोना की महामारी के समय केंद्र सरकार ने आरोग्य सेतु ऐप को अनिवार्य करने का प्रयास किया था। उस समय भी इसका भारी विरोध हुआ तो सरकार पीछे हटी। संचार साथी ऐप के मामले में भी सरकार पीछे हट गई है। स्मार्टफोन में बहुत सारे ऐप बाई डिफॉल्ट इंस्टाल होते हैं। लेकिन लोगों के पास उन्हें डिलीट करने का विकल्प होता है। जिस ऐप को डिलीट करने का विकल्प नहीं दिया जाता है उसका पूरी दुनिया में विरोध होता है। स्मार्टफोन में संचार साथी ऐप इंस्टॉल करने के सरकारी आदेश को लेकर सबसे बड़ी चिंता गोपनीयता की हैं। चौतरफा विरोध के बाद केंद्र ने भले साफ किया हो कि इस ऐप को अपने फोन में रखना या डिलीट करना यूजर की मर्जी पर निर्भर करता है। लेकिन इससे चिंता का समाधान नहीं होता।इसके साथ ही निजता के उल्लंघन की चिंता भी खड़ी होती है। कहीं यह ऐप यूजर्स के निजी जीवन में ताकझांक तो नहीं करेगा?क्या अपराध या जोखिम से बचाव के लिए किसी ऐसे औजार का इस्तेमाल अनिवार्य किया जा सकता है, जो लोगों में नई तरह की असुरक्षा को लेकर आशंकाएं पैदा कर दें? वैसे भी संचार साथी पहले से ही इंटरनेट पर सर्च इंजन पर मौजूद है और सरकार इसे अनिवार्य रूप से इस्तेमाल में लाने के बजाय लोगों को इसे अपने स्मार्ट फोन में लगाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। अगर इसका उद्देश्य लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचाना है, तो क्या इस सुविधा को ऐच्छिक तौर पर लागू नहीं किया जा सकता था? लोगों को अपने मोबाइल में कौन सा एप रखना है और कौन सा नहीं, इसका निर्णय अगर सरकार करने लगे, तो आशंकाएं पैदा होना स्वाभाविक है। इसमें लोगों की निजता का पहलू भी महत्त्वपूर्ण है। क्या अपराध या जोखिम से बचाव के लिए किसी ऐसे औजार का इस्तेमाल अनिवार्य किया जा सकता है, जो लोगों में नई तरह की असुरक्षा को लेकर आशंकाएं पैदा कर दें? वैसे भी संचार साथी पहले से ही इंटरनेट पर सर्च इंजन पर मौजूद है और सरकार इसे अनिवार्य रूप से इस्तेमाल में लाने के बजाय लोगों को इसे अपने स्मार्ट फोन में लगाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। वारदातें लगातार बढ़ रही हैं, इसलिए यह भी जरूरी है कि कम जागरूक नागरिकों के पास सुरक्षा के विकल्प होने चाहिए, लेकिन इनकी विश्वसनीयता तभी होती है, जब ये ऐच्छिक हों। देश में निजता का अधिकार, मौलिक अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2017 के अपने एक फैसले में साफ किया है कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता देने वाले संविधान के आर्टिकल 21 में राइट टू प्राइवेसी भी शामिल है। निजता के दायरे में मोबाइल, इंटरनेट और दूसरी डिजिटल जानकारी भी आती है। अगर मामला देश की सुरक्षा या कानून से जुड़ा नहीं है, तो यह हर नागरिक का हक है कि वह डिजिटल स्पेस में किसे एंट्री देता है और किसे नहीं। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इस ऐप का इस्तेमाल किस तरह होगा, यूजर का किस तरह का डेटा सरकार तक पहुंचेगा, उस डेटा को कहां स्टोर किया जाएगा और उसका कैसा इस्तेमाल होगा।डिजिटल युग में डेटा सबसे कीमती है। इन सारे सवालों के जवाब देने होंगे, खुद गोपनीयता की आड़ में बचने से काम नहीं चलेगा।

# लगातार बढ़ रहे संकटों की जड़ हो सकते हैं छाया ग्रह

## उपायों से मिलेगी राहु-केतु के कष्टों से मुक्ति



डॉ. शिल्पा जैन
ज्योतिषाचार्य



अगर आपके परिवार में कोई व्यक्ति या आप खुद राहु-केतु की पीड़ा से परेशान हैं? ज्योतिष में बताए गए ये महाउपाय तुरंत राहत दिला सकते हैं। जानें कौन-से सरल उपाय जीवन की रुकावटें दूर कर सफलता और शांति वापस ला सकते हैं।

**राहु-केतु के कष्टों से मुक्ति दिलाएंगे ये उपाय**

राहु और केतु इन दोनो को ज्योतिष में छाया ग्रह बताया गय है। कहा जाता है कि जब ये ग्रह अशुभ स्थिति में हों, तो जीवन में अचानक रुकावटें आने लगती हैं। व्यक्ति को मानसिक तनाव और आर्थिक नुकसान झेलना ड़ता है। इतना ही हीं उसके रिश्तों में खटास और कई तरह की समस्याएं पैदा होने लगती हैं। इन ग्रहों के प्रभाव को शांत करने के लिए कई प्रभावी उपाय बताए गए हैं। इन्हें अपनाने से राहुझकेतु के दुष्प्रभाव कम होते हैं और किस्मत का रुका हुआ पहिया दोबारा गति पकड़ने लगता है। आइए जानते हैं कौन से उपाय बताए गए हैं।

**राहु और केतु क्यों करते हैं परेशान?**

ज्योतिष शास्त्र में राहु और केतु को अदृश्य छाया ग्रह कहा गया है। जब ये ग्रह जन्म कुंडली में अशुभ स्थिति में होते हैं, तो व्यक्ति को मानसिक तनाव, कार्यों में बाधा, रिश्तों में उतार-चढ़ाव, करियर में रुकावटें और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां होने लगती हैं। ऐसे में सही उपाय अपनाकर इनके प्रभाव को शांत किया जा सकता है।

**राहु के ज्योतिष उपाय**

अगर राहु परेशानी दे रहा हो, तो रोजाना माथे पर सफेद चंदन का तिलक लगाना लाभदायक माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, माथे पर चंदन का टीका लगाने से मानसिक शांति मिलती है और राहु के दुष्प्रभाव कम होते हैं।

राहु से जुड़े कष्ट दूर करने के लिए विद्या की देवी मां सरस्वती की उपासना करें। उनके मंत्रों का जप करने से मन स्थिर होता है और राहु का प्रभाव शांत होता है।

रविवार के दिन भगवान भैरव का दर्शन करने और भैरव मंदिर में ध्वज चढ़ाने से राहु संबंधित परेशानियों में राहत मिलती है।

ज्योतिष के अनुसार किचन में बैठकर भोजन करना भी राहु दोष कम करने में सहायक होता है।

घर में ठोस चांदी का हाथी रखने से राहु से जुड़ी बाधाएं कम होती हैं और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है।

राहु की शांति के लिए ससुराल पक्ष से संबंध अच्छे रखना बेहद जरूरी माना जाता है।

**केतु के ज्योतिष उपाय**

केतु के कष्टों से राहत पाने के लिए प्रतिदिन शिवलिंग पर काले तिल मिला जल चढ़ाएं और शिव मंत्र का जाप करें।

केतु मंत्र का जप करें: "ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः" मंत्र का रोज जाप करने से केतु के दुष्प्रभाव काफी हद तक कम होते हैं।

प्रार्थना मंत्र का पाठ करें: "पलाशं पुष्प संकाशं, तं केतुं प्रणमाम्यहम्" मंत्र का दैनिक पाठ भी अत्यंत फलदायी है।

गणेश जी की पूजा, दूर्वा अर्पित करना और गणेश चालीसा का पाठ करने से केतु के कारण आने वाली समस्याएं दूर होती हैं।

केतु दोष को शांत करने के लिए मछलियों को चीनी मिले आटे की गोलियां खिलाना शुभ माना गया है।

# कुंडली के इन भावों में सूर्य का होना होता है शुभ

कुंडली में सूर्य किन भावों में देता है सबसे शुभ फलसूर्य ग्रह को ज्योतिष में राजा का दर्जा प्राप्त है। कुंडली में इसकी स्थिति का व्यक्ति के जीवन पर गहरा प्रभाव देखने को मिलता है। अगर सूर्य ग्रह कुंडली में शुभ स्थिति में हो तो आत्मविश्वास बढ़ाता है और करियर के क्षेत्र में भी आपको अच्छे परिणाम देखने को मिलते हैं। वहीं अगर कुंडली में सूर्य की स्थिति शुभ न हो तो जीवन में कई परेशानियां आ सकती हैं।

**कुंडली के 10वें भाव में सूर्य**

सूर्य ग्रह का 10वें भाव में बैठना सबसे शुभ माना गया है। इस भाव में सूर्य को दिशा बल प्राप्त होता है। ज्योतिष में दसवां भाव करियर या कर्म का कारक है ऐसे में यहां बैठा सूर्य व्यक्ति को राजा बना सकता है। 10वें भाव में यदि सूर्य उच्च राशि, मित्र राशि या फिर स्वराशि में हो तो समझ लीजिए करियर से जुड़ी दिक्कतों का सामना आपको जीवन में बहुत कम करना पड़ेगा। इसके साथ ही उच्च पदों की प्राप्ति भी आपको होगी। आप आत्मविश्वास से भरे होंगे और पारिवारिक जीवन में भी समरसता रहेगी।

**कुंडली के 9वें भाव में सूर्य**

कुंडली के नवम भाव में बैठकर भी सूर्य आपको अच्छे परिणाम प्रदान करता है। इस भाव में सूर्य के बैठने से व्यक्ति को शिक्षा क्षेत्र में उपलब्धि मिलती है। इसके साथ ही आध्यात्मिक और धार्मिक रूप से भी ऐसा व्यक्ति सक्रिय होगा। पिता का भरपूर सहयोग व्यक्ति को जीवन में मिल सकता है। ऐसे लोग समाज में अपना अलग नाम बना सकते हैं। ऐसे लोग अनुशासनप्रिय और सफल माने जाते हैं।

**कुंडली के 11वें भाव में सूर्य**

कुंडली का एकादश भाव लाभ का कारक होता है। ऐसे में सूर्य का इस भाव में बैठना व्यक्ति को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में लाभ दिला सकता है। ऐसा व्यक्ति कम प्रयासों में भी सफल हो सकता है। अच्छा कारोबारी ऐसा व्यक्ति बन सकता है। ऐसे लोगों के जीवन में धन की कोई कमी नहीं होती और ऐसे लोगों को योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति भी होती है।

**इन भावों में भी सूर्य शुभ**

कुंडली के 12वें भाव को भले ही शुभ नहीं माना जाता लेकिन यहां सूर्य का बैठना आपको शुभ फल प्रदान कर सकता है। 12वें भाव में सूर्य के होने से आपको मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। ऐसे लोग सरकारी क्षेत्रों में भी नाम कमा सकते हैं। साथ ही विदेशी कारोबार से भी इनको लाभ मिलता है। कुंडली के चतुर्थ भाव में भी सूर्य का बैठना शुभ माना गया है। इस भाव में सूर्य के होने से व्यक्ति को अपना वाहन, घर आदि अवश्य मिलता है। हालांकि ऐसे लोगों को शत्रुओं से बचकर रहना चाहिए।

# चाहती हूँ बच्चे हों 'स्मार्ट और दयालु भी', मूल्यों को सबसे ऊपर रखा- करीना



अभिनेत्री करीना कपूर ने अपने बेटे तैमूर और जेह की परवरिश को लेकर अपनी सोच साझा की है। उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि बच्चे सिर्फ बुद्धिमान ही नहीं, बल्कि दयालु और संवेदनशील भी बनें। उन्होंने यह विचार सामाजिक मंच पर पोस्ट साझा करते हुए व्यक्त किया। पोस्ट में लिखा कि अंक फीके पड़ जाते हैं, नौकरियां बदल जाती हैं, ट्रॉफियों पर धूल जम जाती है, पर चरित्र हमेशा बना रहता है। करीना ने लिखा कि वह अपने बेटों में यह मूल्य संजोना चाहती हैं कि वे अलग सोच और स्वभाव वाले लोगों से भी प्रेम करना सीखें तथा अपनी आवाज बुलंद रखें। गौरतलब है कि करीना ने वर्ष 2012 में अभिनेता सैफ अली खान से विवाह किया था। उनका पहला पुत्र तैमूर 2016 तथा दूसरा पुत्र जेह 2021 में जन्मा। अभिनेत्री इन दिनों निर्देशक मेघना गुलजार की आगामी अपराध आधारित फिल्म दायरा की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।

# हर समय सब कुछ पकड़े रखना जरूरी नहीं : राधिका आप्टे



अभिनेत्री राधिका आप्टे ने कहा है कि उन्हें अवसरों के छूट जाने का कोई भय नहीं होता। उनका मानना है कि जीवन में हर अवसर को पकड़े रहना आवश्यक नहीं, कभी कुछ मिलता है तो कभी खो भी जाता है और यही जीवन का स्वभाव है। उन्होंने कहा कि वह लंदन में रहकर काम करती हैं और यदि अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा तो वे स्वयं मुंबई पहुँच जाएँगी। राधिका के अनुसार मानसिक शांति और जीवन का आनंद अवसरों से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा हम अवसरों को जितना बड़ा मान लेते हैं, वे उतने बड़े होते नहीं। अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म साली मोहब्बत को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें वे स्मिता नाम की शांत स्वभाव वाली महिला की भूमिका निभा रही हैं। एक अप्रत्याशित घटना के बाद कथा रोमांचक मोड़ लेती है।



# जैस्मिन मेरी 'बचकानी ऊर्जा' को संतुलित करती हैं, फेसबुक ने मिलाया था रिश्ता-आर्य बब्बर

अभिनेता आर्य बब्बर ने अपनी वैवाहिक जिंदगी और पत्नी जैस्मिन से मुलाकात का किस्सा साझा किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में दोनों की पहचान सामाजिक मंच के माध्यम से हुई थी, बातचीत बढ़ी और धीरे-धीरे रिश्ता जीवनसाथी तक पहुँच गया। आर्य ने कहा कि पहली मुलाकात में ही जैस्मिन का स्वभाव और संतुलित सोच उन्हें बहुत पसंद आई। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि वह खुद मन-चाइल्ड यानी बच्ची-सी ऊर्जा वाले व्यक्ति हैं और जैस्मिन उन्हें खूबसूरती से संतुलित करती हैं। उन्होंने बताया कि रिश्ते में प्रेम कब आया, इसका अंदाजा उन्हें खुद नहीं लगा झ यह सब फोन, संदेश और मुलाकातों के बीच अपने आप हो गया। अभिनेता ने कहा कि आज भी दोनों एक-दूसरे से मानसिक रूप से प्रेरित रहते हैं और आकर्षण बरकरार है।

# 61 गेंदों के शेष रहते भारतीय टीम ने जीता आखिरी वनडे मैच

## दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से हराया







भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे वनडे में नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। शनिवार को विशाखापत्तनम में खेले गए निर्णायक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने क्विंटन डिकॉक की शतकीय पारी की मदद से 47.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 270 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल के नाबाद शतक और रोहित शर्मा व विराट कोहली की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 61 गेंदों के शेष रहते मुकाबला जीत लिया।

### रोहित-यशस्वी ने शतकीय साझेदारी से दिलाई शानदार शुरूआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए यशस्वी और रोहित ने भारत को मजबूत शुरूआत दिलाई और दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 155 रनों की साझेदारी की। रोहित ने इस दौरान अपने वनडे करियर का 61वां अर्धशतक लगाया और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20000 रन भी पूरे किए। रोहित 75 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मैदान पर विराट कोहली उतरे, जिनका बल्ला इस सीरीज में जमकर चला। कोहली और यशस्वी ने गियर बदलते हुए आक्रमक अंदाज में बल्लेबाजी की। यशस्वी ने अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया और भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कोहली ने लगातार चौथे मैच में 50+ स्कोर बनाया। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे में अर्धशतकीय पारी खेली थी। यशस्वी ने 121 गेंदों पर 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 116 रन और कोहली ने 45 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 65 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एकमात्र सफलता केशव महाराज को मिली।

## रविवार, 07 दिसम्बर 2025 राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। सुख साधनों की चाहत बढ़ेगी और इस पर आपका धन भी आज खर्च होगा। आपके सितारे बताते हें कि आज दिन के पहले भाग में सुस्ती बनी रहेगी लेकिन दिन का दूसरा भाग आज अधिक एक्टिव रहने वाला है।

आज आपके सितारे बताते हैं कि दिन आपको संयमित होकर बिताना चाहिए, अति उत्साह से नुकसान हो सकता है। आपको आज किसी से वाद विवाद में भी उलझने से बचना होगा। नौकरी पर जा रहे हैं तो आज अपने काम से काम रखें, नकारात्मक बातो पर ध्यान देने से बचें।

मिथुन राशि के जातक आज गंभीर रहेंगो। अपने काम से कम बनाए रखेंगे और परिवार का इनको सपोर्ट भी मिलेगा। आज धर्म कर्म और आध्यात्मिक विषयो में आपकी रुचि बनी रहेगी। वरिष्ठ लोगो के मिलने जुलने का संयोग बनेगा।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपका मनोबल बढा रहेगा। आप दिन के पहले भाग से ही सक्रिय रहेंगे। आपको आज अपने प्रयास में भाग्य सफल बनाएगा। नौकरी में आज आपको सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

आज का दिन सिहं राशि के जातको के लिए मिलाजुला रहेगा। आपका मन आज किस न किसी बात को लेकर उलझन में रह सकता है। आपको आज कोई भी फैसला लेने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से परामर्श कर लेना चाहिए। अनचाहे खर्च भी होंगे।

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आज आपको आर्थिक मामलो में लाभ मिलने वाला है। आपका मनोबल आज ऊंचा रहेग। कन्या राशि के छात्र आज अपनी पढाई लिखाई को लेकर सजग और सतर्क रहेंगे जिसका लाभ भी इनको भविष्य में प्राप्त होगा।

तुला राशि के जातको के लिए आज का दिन सुखद रहेगा। आज आपका सामाजिक संपर्क बढेगा। कुछ प्रभावशाली लोगों से मिलने का संयोग बनेगा। आपको आज राजीतिक संपर्क का भी लाभ मिलेगा। आर्थिक मामलो में लाभ के साथ आज आपका खर्च भी बना रहेगा।

वृश्चिक राशि के लोगो के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपका सामाजिक दायरा बढेगा। आपको आज अपने कामकाज में सहयोगियो और सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। स्वर्णकारी और वस्त्रो के कारोबार से जुड़े जातक आज बेहतर काम कर पाएंगे। आपको आज आर्थिक लाभ मिलेगा।

धनु राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। आप जोश और उत्साह से भरपूर रहेंगे। आप अपने पेंडिंग काम को निपटाने में आज सफल रहेगे। घर या प्रोपर्टी में निवेश करने की योजना बना रहे हैं या इससे संबंधित काम करते हैं तो इसके लिए भी दिन आज अच्छा है।

मकर राशि के लोगो के लिए आज का दिन बेहतर होगा। आपको आज कारोबार में लाभ मिलेगा। आप आज बिजनेस में कुछ नई योजना पर भी काम शुरू कर सकते है। आपका पुराना फंसा माल भी आज निकल सकता है जिससे आप राहत महसूस करेंगे।

कुंभ राशि के लागो के लिए आज का दिन उत्साहवर्धक रहेगा। आप आज अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू कर पाएंग। लेकिन आज मन मे दुविधा की स्थिति भी बनी रहेगी इसलिए काम पूरा होगा लेकिन कुछ समस्या भी बनी रहेगी।

मीन राशि के जातको के लिए आज का दिन उलझन भरा रहेगा। आपका कोई काम आज बनते बनते रह सकता है। आर्थिक मामलों में आज का दिन खचीर्ला रहेगा। कुछ अनचाहे खर्च आज परेशान करेंगे। आपको आज सामाजिक कार्यो में भाग लेने का मौका मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# होली पब्लिक जूनियर स्कूल ने धूमधाम से मनाया 46वां वार्षिकोत्सव




एनएनआई

**आगरा।** देहली गेट स्थित हॉली पब्लिक जूनियर स्कूल में 46वां वार्षिकोत्सव अत्यंत उत्साहपूर्ण और सांस्कृतिक वातावरण में मनाया गया। इस वर्ष का थीम भारत बाई एचपीजेएस रहा, जिसके माध्यम से भारत की संस्कृति, विविधता, परंपराएँ और आधुनिकता को बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आगरा की मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों की ऊर्जा एवं विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की चेयरपर्सन रोहिणी तोमर ने विद्यालय के विजन और बच्चों को मूल्य-आधारित शिक्षा देने के उद्देश्य को रेखांकित किया।

प्रधानाचार्या सुप्रीया जैन ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें पूरे वर्ष की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, खेल प्रतियोगिताओं और विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। विद्यालय के प्रशासनिक प्रतिनिधि आराध्य तोमर ने मंच से बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के सहयोग और विद्यालय परिवार के योगदान की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल आने वाले वर्षों में बच्चों को और अधिक आधुनिक शिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध कराएगा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न राज्यों की संस्कृति, लोकनृत्य, नाट्य रूपांतर और देश की एकता व विविधता पर आधारित प्रस्तुतियाँ दी गईं। बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा ने सभी दर्शकों का मन मोहा।

समापन पर स्टूडेंट आफ द ईयर, स्पेशल हॉनर, बच्चों, अभिभावक, टीचरों और विशेष उपलब्धि पुरस्कारों का वितरण किया गया, जिनका उद्देश्य शैक्षणिक श्रेष्ठता, नैतिक आचरण, नेतृत्व क्षमता और प्रतिभा का सम्मान करना रहा।

# एत्मादपुर में मनोरोगियों को मिली फ्री इलाज की सुविधा

## केंद्रीय राज्यमंत्री के चिकित्सक पुत्र ने शुरू की पहल



एनएनआई

**एत्मादपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र के असहाय गरीब मनोरोगियों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलने की पहल शुरू हो गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो.एसपी सिंह बघेल के मनोरोग चिकित्सक पुत्र डा.पार्थ बघेल ने इस पहल की शुरूआत की। राज्यमंत्री की धर्म पत्नी श्रीमती मधु बघेल ने पुत्र के सेवाकार्य की सराहना करते हुए सरप्राइज बताया। डा पार्थ बघेल ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अब प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को मनोरोग विभाग के डाक्टरों द्वारा मनोरोगियों की जांच और उपचार किया जाएगा। पहले डा पार्थ बघेल द्वारा एक दर्जन रोगियों की जांच कर परामर्श दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान नशे के आदि लोगों का भी मुफ्त इलाज किया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक डा.अमित अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.शुची रानी, डीपी सिंह (पूर्व आर्मी ऑफिसर), भाजपा महानगर कार्यकारिणी सदस्य हरिओम सिंह बघेल एडवोकेट, नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती स्वदेश बघेल, ग्राम प्रधान बहरामपुर श्रीमती चंद्रकला बघेल, श्रीमती माया देवी, श्रीमती ऊषा देवी, मनवीर सिंह बघेल, राज दीपक गुप्ता, फार्मासिस्ट डा.आशीष बघेल, डा. राकेश बघेल आदि मौजूद थे।

# एआई के साथ एक्सेल बनेगा चार्टर्ड अकाउंटेस का स्मार्ट असिस्टेंट

## एआई फीचर्स पर सीए शाखा में हुआ सेमिनार का आयोजन




एनएनआई

**आगरा।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा की ओर से एआई यूज विद एक्सेल विषय पर सेमिनार का आयोजन संजय प्लेस स्थित सीए भवन में किया गया। शुभारम्भ अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल, सचिव सीए अंकित मित्तल, उपाध्यक्ष सौरभ सक्सेना, कोषाध्यक्ष सीए करण पंजवानी, सिकासा अध्यक्ष सीए आयुष गोयल, कार्यकारिणी सदस्य सीए साक्षी विवेक जैन और सीए सचिन बूबना ने दीप प्रवज्जलित कर किया। जयपुर से आये वक्ता सीए आशीष सचदेवा ने बताया कि अब एक्सेल सिर्फ. डेटा एंट्री या सामान्य कैलकुलेशन का साधन नहीं रहा, बल्कि एआई टूल्स की मदद से यह एक शक्तिशाली डेटा विश्लेषण प्लेटफॉर्म बन गया है। अब एक्सेल+एआई= सुपर पावर है। एक्सेल में एआई का उपयोग कर अब उपयोगकर्ता सिर्फ. सरल कमांड देकर रिपोर्ट बना सकते हैं, जटिल फॉर्मूलों को एआई से तैयार करा सकते हैं और बड़े डेटा सेट में ट्रेंड विश्लेषण व पैटर्न पहचान भी तुरंत कर सकते हैं। अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वित्तीय डेटा, बिक्री रिपोर्ट, इन्वेंट्री मैनेजमेंट, अनुपालना कार्यो और ऑडिट विश्लेषण में समय बचाते हुए सटीकता बढ़ाता है। आने वाले समय में एआई और एक्सेल का संयोजन व्यवसायों की उत्पादकता को कई गुना बढ़ाने वाला साबित होगा। सेमिनार में छात्रों और सीए प्रोफेशनल्स से जुड़े लोगो ने हिस्सा लिया। अंत में प्रश्न-उत्तर सत्र में श्रोताओ ने अपने कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्या को एआई हल करने के बारे में जाना। इस अवसर पर सीए राजीव गोयल, सीए अंशु अग्रवाल, सीए प्रवीण भोजवानी, सीए अंशुमान बाबरी आदि मौजूद रहे।

